Seventeenth Loksabha

>

Title: Regarding problem of polluted water and water logging near Jehanabad railway station and Danapur Railway Division, Khagaul-laid.

श्री चन्देश्वर प्रसाद (जहानाबाद): मैं माननीय मंत्री जी का ध्यान जहानाबाद रेलवे स्टेशन बिहार के आसपास रेलवे के द्वारा प्रवाहित प्रदूषित नाले के पानी की तरह आकृष्ट करना चाहता हूँ जो कि उचित जल निकासी प्रबंधन तथा उपचार ना होने के कारण गंभीर स्वास्थ्य संकट पैदा कर रही है। मैं इसके साथ दानापुर रेल मंडल के खगौल, पटना स्थित रेलवे कॉलोनियों के गंदे पानी से आसपास के क्षेत्र में होने वाले जल-जमाव और प्रदूषण की ओर आकृष्ट करना चाहता हूँ। रेल प्रशासन द्वारा इन रेलवे कॉलोनियों, रेलवे अस्पताल तथा दानापुर रेलवे स्टेशन से निकलने वाले गंदे पानी के उपचार तथा जल निकासी का कोई उचित प्रबंध नहीं किया है तथा गंदे पानी के एक बड़े हिस्से का प्रवाह दानापुर अंचल पटना के अंतर्गत आने वाले राजस्व थाना संख्या 40 तथा 41 की भूमि में किया जा रहा है। जिससे आसपास के कई वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में पनि फैलता है तथा जमा रहता है। इस क्षेत्र में भीषण जल-जमाव की स्थिति विगत कई वर्षों से बनी हुई है। स्थिति साल के आठ-नौ महीने बनी रहती है तथा जल-जमाव का स्तर करीब 4-5 फुट रहता है। इस क्षेत्र में प्रदूषित पानी का जमाव एक बड़ी नागरिक समस्या है सैकड़ों एकड़ उपजाऊ जमीन बेकार हो गई है तथा सैकड़ों किसानों के सामने बेरोजगारी की समस्या पैदा हो गई है। प्रदूषित पानी के जमाव के कारण इलाके का भूगर्भ जल भी प्रदूषित हो रहा है तथा टीडीएस का स्तर काफी बढ़ गया है और स्वास्थ्य संकट की स्थिति पनप रही है। इसका त्वरित समाधान आवश्यक है। इस संबंध में मैं माननीय रेल मंत्री जी का ध्यान जल प्रदूषण की रोकथाम और नियंत्रण अधिनियम 1974 की धारा 24 की ओर आकर्षित करना चाहता हूं जो कि किसी भी आदमी को किसी नदी नाले में या जमीन पर प्रदूषित पानी प्रवाहित करने से निषेध करता है। अतः दानापुर रेल मंडल जल प्रदूषण की रोकथाम और

नियंत्रण अधिनियम 1974 का सम्मान तथा पालन नहीं करता है तथा जल तथा भूमि प्रदूषण को बढ़ावा दे रहा है। अतः मैं माननीय रेल मंत्री से अनुरोध करता हूं कि दानापुर रेल मंडल के कॉलोनियों तथा अन्य संस्थानों से निकलने वाले गंदे पानी से होने वाले जल प्रदूषण का अपने स्तर से संज्ञान लेते हुए जांच कराएं तथा प्रदूषित पानी के उपचार तथा जल निकासी प्रबंधन के लिए उचित आदेश पारित करें जिससे कि उपरोक्त राजस्व थाना संख्या 40 तथा 41 और अन्य क्षेत्रों में जलजमाव तथा भूमि प्रदूषित न हो। मैं माननीय रेल मंत्री से जहानाबाद बिहार में स्थित रेलवे के प्रतिष्ठानों से निकलने वाले प्रदूषित पानी का उपचार तथा जल निकासी का प्रबंधन करने का भी अनुरोध करता हूं।